1 रिट

# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, चित्रकूट वन प्रभाग, चित्रकूट

पत्रांक: 3781 / 33–1 / दिनांक, चित्रकूट, मई 26 2015

सेवा में,

वन संरक्षक,
चित्रकूटधाम वृत्त, उ0प्र0,
बाँदा।

विषय : जनपद चित्रकूट में एन0एच0–76 के किनारे संरक्षित वन भूमि में विद्युत की भूमिगत केबिल डालने के सम्बन्ध में।

संदर्भ : इस कार्यालय का पत्रांक–3535 / 33–1 दिनांक 09.05.2015

महोदय,

उपरोक्त विषयांकित प्रस्ताव कार्यदायी संस्था द्वारा मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ को ऑनलाइन प्रेषित किया गया एवं हार्डकॉपी 04 प्रतियों में इस कार्यालय को उपलब्ध कराया गया जो अधोहस्ताक्षरी के ऑनलाइन खाते में दि0 28.04.2015 को प्राप्त हुआ है। इस कार्यालय द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुये ऑनलाइन प्रस्ताव आपको दिनांक 07.05.2015 को प्रेषित किया गया है। आपके पत्रांक–3090 / 33–1 दि0 08.05.2015 द्वारा दिये गये निर्देशानुसार उक्त प्रस्ताव की हार्डकॉपी 03 प्रतियों में इस कार्यालय के पत्रांक–3535 / 33–1 दि0 09.05.2015 द्वारा मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ को प्रेषित किया गया। मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा उक्त प्रस्ताव में 04 बिन्दुओं की कमी दर्शायी गयी है। उक्त कमियों का निस्तारण कर अभिलेख ऑनलाइन आपको दि0 25.05.2015 को प्रेषित किया गया। उक्त निस्तारण अभिलेख हार्डकॉपी में 04 प्रतियों में संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नक :- उपरोक्तानुसार

भवदीय

(वी0के0मिश्र)
प्रभागीय वनाधिकारी
चित्रकूट

E:\Rekha\Settelment\ 543